हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 18 जून 2026

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 29 .0 डिग्री से.



10 बीएलओ घर-घर बांट रहे एन्यूमरेशन फार्म...



10 नायब सरकार की योजनाओं से खेती व पशुपालन...

## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**जींद।** भटनागर कालोनी में मकान से लाखों रुपये के जेवरात व 85 हजार रुपये की नगदी चोरी करने पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भटनागर कालोनी निवासी नवीन ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अध्यापक है। उसका मूल रूप से गांव बुआना है तथा वह परिवार के साथ भटनागर कालोनी में रहता है। 13 जून को वह छुट्टियों के चलते घूमने के लिए गया था। उसके बच्चे उसके गांव बुआना में चले गए थे।

### पहले दिन कहासुनी, फिर बस में यात्री को घोंपा चाकू

**जींद।** गांव शाहपुर निवासी भूपेंद्र के पेट में कृपाण से हमला करने के आरोपित सरदार प्रेम के खिलाफ शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव शाहपुर निवासी भूपेंद्र ने कहा कि वह एक निजी बैंक में ऋण देने का काम करता है। वह प्रतिदिन असंध से जींद आने वाली बस से जींद आता है। इसमें काफी लोग ऐसे हैं, जो प्रतिदिन सफर करते हैं। 15 जून को इस बस में प्रेम नामक सरदार से उसकी कहासुनी हो गई थी।

### गांव पोली में बाड़े से दो भैंस चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पोली में बीती रात पिकअप सवार लोग दो भैंसों को चोरी कर ले गए। जबकि उनके बच्चे वहीं छोड़ गए। जुलाना थाना पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव पोली निवासी कुलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के निकट पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात उसे पशुबाड़े के पास हलचल होने का अहसास हुआ। जब वह पशुबाड़े की तरफ जा रहा था तो पिक गाडी तेज से आगे निकल गई। जब उसने पशुबाड़े में देखा तो दो भैंस गायब थी।

### दो बच्चों के साथ महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरकगागर से दो बच्चों के साथ महिला के गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकगागर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 जून को उसकी पत्नी तथा दो बच्चे घर से गायब हो गए। तलाशने करने पर उसकी पत्नी तथा बच्चों का कोई सुराग नही लगा। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव दालमवाला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दालमवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी गत 15 जून को घर से शहर के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### तीन युवकों ने बाइक और नकदी छीनी

**जींद।** गांव ढाठरथ नहर पुल पर बुधवार को तीन युवकों ने एक व्यक्ति से बाइक तथा पांच हजार रुपये की नगदी छीन ली और फरार हो गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव खांडा निवासी दीपक पिल्लूखेड़ा पावर हाउस आया हुआ था। कामकाज को निपटा कर वह बाइक से अपने घर जा रहा था। जब वह गांव ढाठरथ के निकट नहर पुल पर पहुंचा तो तीन युवकों ने उसे रोक लिया। जिसके बाद युवकों ने उस से बाइक तथा पांच हजार रुपये की नगदी छीन ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए।

## आईटीआई: अंतिम तिथि तो बढ़ी पर पोर्टल की खामियां दूर नहीं कर पाया विभाग


# ऑनलाइन आवेदन पोर्टल बन रहा अभ्यर्थियों के लिए सिरदर्द

### ट्रेड न दिखाने से विद्यार्थियों को चार दिन से झेलनी पड़ रही परेशानियां

**आवेदन करते समय ट्रेड नहीं दिखा रहा पोर्टल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

आईटीआई का ऑनलाइन पोर्टल इस बार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सिरदर्द बना है। आवेदन करते समय पोर्टल ट्रेड नहीं दिखा रहा है। इस कारण अभ्यर्थी अपना आवेदन पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसा नहीं कि यह समस्या आज ही आई हो। इस समस्या को लगातार चार दिन हो गए हैं लेकिन दाखिला प्रक्रिया में लगे विभाग के उच्चाधिकारी इस ओर से लंबी तान कर सोए हुए हैं। हालांकि अभ्यर्थियों द्वारा फोन व इमेल के माध्यम से इसकी सूचना पोर्टल के अधिकारियों को भेजी है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। बता दें कि कौशल विकास एंव औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन के लिए 2 से 15 जून तक का शेडयूल जारी किया था। इसमें शुरूआत के दो दिन पोर्टल सही ढंग से नहीं चला। यही नहीं इसके उपरांत 13 जून को फिर से पोर्टल में आई तकनीकी खामी के कारण इसमें ट्रेड दिखाई नहीं दी। ऐसे में कम आवेदन आने के कारण निदेशालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन की तिथि को 15 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दिया था लेकिन तकनीकी खामी 17 जून तक भी सही नही हो पाई है। ऐसे में बिना ट्रेड के कोई अभ्यर्थी अपना फार्म किस प्रकार से पूर्ण कर सकता है। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे 372 राजकीय व प्राइवेट आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन भरवाए जा रहे हैं। 15 दिनों में ऑनलाइन आवेदन निर्धारित सीटों से कम आने के कारण ही निदेशालय ने अंतिम तिथि को 30 जून तक बढ़ाया है। सीएससी सेंटर पर ऑनलाइन आवेदन करवाने आए गौरव, सोनू व किरण ने बताया कि वे आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन करवाने के लिए 13 जून से लगातार सीएससी सेंटर के चक्कर काट रहे हैं लेकिन आज तक भी उनका आवेदन पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि वे इसे लेकर कैथल के राजकीय आईटीआई में हेल्प डेस्क कर्मचारियों से भी मिले थे। कर्मचारियों का कहना था कि पोर्टल पर अपडेट करना उच्चाधिकारियों के वश की बात है। ऐसे में उन्हें बार बार चक्कर काटने से समय और धन दोनों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रभावित हो रही दाखिला प्रक्रिया पोर्टल में आई तकनीकी खामी के कारण आईटीआई का दाखिला भी प्रभावित हो रहा है क्योंकि यदि अभ्यर्थी को उसकी पसंदीदा ट्रेड पोर्टल पर दिखाई नहीं देगी तो हो सकता है कि वह आईटीआई में दाखिला लेने की बजाय बहुतकनीकी या अन्य कालेज को प्राथमिकता दे।




आईटीआई के ऑनलाइन पोर्टल पर ट्रेड सेलेक्शन संबंधित दिखा रहा मैसेज।

### निदेशालय को करवाया अवगतः सतीश

राजकीय आईटीआई कैथल के दाखिला इंचार्ज सतीश कुमार वर्ग अनुदेशक ने बताया कि कुछ विद्यार्थी पोर्टल पर ट्रेड न दिखाए जाने को लेकर उनसे मिले थे। उन्होंने इस बार इमेल के माध्यम से निदेशालय को अवगत करवा दिया है।



फाइल फोटो

# स्विफ्ट कार से 30 पेटी अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने अलग-अलग चार मामलों में कार्रवाई करते 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 411 बोतल अवैध शराब बरामद की है। सबसे बड़ी कार्रवाई में थाना कलायत पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से 30 पेटी शराब बरामद कर वाहन को भी जब्त कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत थानाएसएचओ पीएसआई अमन के नेतृत्व में एएसआई बलजोर और सिपाही सुनील की टीम गांव खरक-सजूमा रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच में कार से 23 पेटी देशी शराब, दो पेटी देशी पव्वे, दो पेटी देशी आधा और तीन पेटी बीयर सहित कुल 360 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान खरक पांडवा निवासी जसमेर के रूप में हुई। एक अन्य मामले में कलायत पुलिस ने गांव मटौर-बढ़सीकरी रोड पर बाइक सवार दीपक निवासी बढ़सीकरी खुर्द को काबू किया। उसकी बाइक की टंकी पर रखे गत्ते के डिब्बे से 16 बोतल देशी शराब बरामद हुई। वहीं, राजौंद थाना पुलिस ने गांव सेरधा निवासी बलिंद्र सिंह के मकान पर दबिश देकर 14 बोतल देशी शराब बरामद की। दूसरी ओर थाना चीका पुलिस ने गुप्त सूचना पर सत्संग भवन के पास नाकाबंदी कर वार्ड नंबर-4 निवासी बुटा सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके कट्टे से 20 बोतल हथकड़ी शराब बरामद हुई।

### मामला दर्ज

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जींदः संदिग्ध हालात में जहर निगलने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव रूपगढ़ में संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोसटमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव रूपगढ़ निवासी सुरेंद्र (44) ने अपने घर में संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। घटना के दौरान परिजन अपने काम काज में व्यस्त थे। सुरेंद्र के हालात बिगडने पर परिजनों को घटना का पता चला। जिस पर उसे शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। हालात गंभीर होने पर उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

# भांजा बनकर ठगे थे साढ़े तीन लाख, फिर फ्रॉड राशि बैंक में होने का दिखाया था भय

- तीन लाख की साइबर धोखाधड़ी करने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

साइबर थाना पुलिस ने विदेश में रह रहा जानकार बता साढ़े तीन लाख रुपये का चूना लगाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना साइबर क्राइम जींद के प्रभारी उप निरीक्षक जगदीप सिंह ने बताया कि गांव सिवाना निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई । जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को उसका भांजा विनोद बताया। जो पिछले कई वर्षो से न्यूजीलैंड में रहकर नौकरी कर रहा है। आरोपित ने रिश्तेदारी का भरोसा जीतते हुए शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाया कि उसने उसके बैंक खाते में तीन लाख 50 हजार रुपये भेज दिए हैं तथा उसे रोहतक में प्लाट खरीदना है। कुछ समय बाद उसने दोबारा संपर्क कर उसको बताया कि उसके द्वारा भेजी गई राशि कथित रूप से फ्रॉड का पैसा है, जिसके कारण उसे विदेश में पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपित ने उस पर दबाव बनाते हुए उस राशि तत्काल वापस भेजने के लिए कहा। शिकायतकर्ता तकनीकी जानकारी एवं ऑनलाइन बैंकिंग से अनभिज्ञ होने के कारण आरोपी की बातों में आ गया और अपने परिचितों के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों व क्यूआर कोड पर अलग-अलग किश्तों में कुल तीन लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा दिए।

# हफ्ता वसूली और ढाबे में तोड़ फोड़ के दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

एवीटी स्टाफ ने सफीदों में ढाबा संचालक से हफ्ता वसूलने व हफ्ता राशि न देने पर तोडफ़ोड़ करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से उनके सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि रेहडा मोहल्ला सफीदों निवासी शुभम सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पानीपत-सफीदों रोड पर सैनी ढाबा है। ढाबे पर काले की बिना नंबर की गाड़ी आई और इसमें उतरे एक युवक ने अपना नाम तपन बताते स्वयं को सफीदों मंडी का व्यापारी बताते हुए ढाबा संचालक से प्रति सप्ताह 10 हजार रुपये हफ्ता देने की मांग की। जब शिकायतकर्ता ने हफ्ता देने से मना किया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। इसके कुछ समय बाद आरोपित अपने छह-सात अन्य साथियों के साथ आया और ढाबे पर तोडफ़ोड़ की। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना शहर सफीदों में विभिन्न धाराओं के तहत मुकद्मा दर्ज कर आगामी जांच एवीटी स्टाफ जींद को सौंपी गई। एवीटी स्टाफ एवं थाना शहर सफीदों की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित तपन तथा गांव ऐंचना खुर्द निवासी गोवर्धन को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया है।

## मिठाई की दुकान से पनीर व देशी घी का सैंपल ले जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा

**डेयरी से घी व मिक्सड दूध के भी सैंपल लिए**

# खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने जुलाना में16 किलोग्राम घी को किया सीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने जुलाना में आठ खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इसके अलावा मालवी रोड पर एक किरयाणा की दुकान में 16 लीटर देशी घी खराब अवस्था में मिला। उस घी का सैंपल लेकर 16 किलोग्राम घी को सीज कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम जुलाना के मालवी रोड पर पहुंची। यहां पर एक मिठाई की दुकान से पनीर व देशी घी का सैंपल ले जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया। इसके बाद टीम मालवी रोड पर ही एक किरयाणा की दुकान पर पहुंची। यहां जांच करने पर दुकान में रखा देशी घी खराब हालत में मिला। जोकि डिब्बों में बंद था। जब इसका माप तोल किया गया तो यह 16 लीटर मिला। इस घी का सैंपल लेकर इसे सीज कर दिया गया। टीम ने जुलाना में चल रही एक डेयरी से घी व मिक्सड दूध के भी सैंपल लिए हैं। वहीं जुलाना में ही एक डेयरी से पनीर व भैंस के दूध का सैंपल लिया गया। जुलाना अनाजमंडी के पास एक किराना की दुकान से सरसों के तेल का सैंपल लिया गया। विभाग की टीम ने कुल आठ सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं।



### रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को सुरक्षित व गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ मिलेंए इसके प्रयास किए जाते हैं। इन खाद्य पदार्थों की जांच के लिए समय-समय पर सैंपल लिए जाते हैं। टीम ने जुलाना क्षेत्र में किरयाणा की दुकान व डेयरी से विभिन्न खाद्य पदार्थों के आठ सैंपल लिए हैं। वहीं 16 लीटर देशी घी को सीज किया है।



जींद। आवेदन करने आए छात्र। फोटो:हरिभूमि

## जींदः महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 30 जून तक

### तारीख बढ़ने से मेरिट लिस्ट का शेड्यूल बदला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून कर दी गई है। जबकि पहले आवेदन 15 जून तक होने थे और पहली मेरिट लिस्ट 27 जून को जारी होनी थी। अब आवेदन की तारीख बढने से मेरिट लिस्ट का शेड्यूल भी बदलेगा। वहीं दूसरी ओर कालेज प्रशासन कयास लगा रहा है कि जिन संकायों में कम आवेदन आए हैं, उनमें आवेदनों की संख्या में इजाफा होगा। जिले के हर महाविद्यालय में एक से दो संकाय ऐसी हैं, जिसमें निर्धारित सीटों से कम आवेदन आए हैं। इस कारण उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी बार आनलाइन आवेदन का समय बढ़ाया है। शुरूआत में जब उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पहले शेड्यूल जारी किया गया था तो उस समय सात मई से लेकर 31 मई तक आनलाइन आवेदन प्रक्रिया चली थी। उस समय कालेजों में तीन से चार संकायों में निर्धारित सीटों पर कम आवेदन आए थे। इसके बाद विभाग ने आनलाइन आवेदन की तारीख को 15 जून तक बढ़ाया था और पहली मेरिट लिस्ट 27 जून को जारी होनी थी। 15 जून तक कालेजों में लगभग दो संकाय ऐसी हैं, जिसमें कम आवेदन हैं। इस कारण से उच्चतर शिक्षा विभाग ने आनलाइन आवेदन की तारीख को 30 जून तक बढ़ा दिया है। राजकीय पीजी कालेज में अब 2536 आवेदन आए हैं। इसमें से बीए आट्र्स में निर्धारित 600 सीटों पर 1339 आवेदन आए हैं।

### शेड्यूल में भी बदलाव

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कुछ संकायों में कम आवेदन होने के कारण उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा आनलाइन आवेदन की तारीख को बढ़ाया गया है। ऐसे में मेरिट शेड्यूल में भी बदलाव होगा। कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख 30 जून तक बढ़ा दी गई है। पहले आनलाइन आवेदन की तारीख 15 जून थी।

### राजकीय महिला कॉलेज में अलग-अलग नौ संकायों में अब तक 1429 आवेदन आ चुके

बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर 29, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 62, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 89, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 55, बीबीए में 40 सीटों पर 166, बीकाम में 220 सीटों पर 260, बीसीए में 120 सीटों पर 358, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 268, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 150, बैचलर आफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 79, बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 83 और बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन फि जिक्स में 40 सीटों पर 75 आवेदन आ चुके हैं। वहीं राजकीय महिला कालेज में अलग-अलग नौ संकायों में अब तक 1429 आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से बीए आट्र्स में 400 सीटों पर 832, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 48, बीए ज्योग्राफी में 40 सीटों पर 67, बीकाम में 200 सीटों पर 141, बीसीए में 60 सीटों पर 146, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस में 60 सीटों पर 204, बैचलर आफ साइंस इन फि जिकल साइंस में 160 सीटों पर 102, बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 40 सीटों पर 53 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्स में 30 सीटों पर 50 आवेदन आ चुके हैं।



**खबर संक्षेप**

## नाबालिग से शादी रचाने के आरोप में चार दबोचे

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का विवाह करने के आरोप में पति समेत चार लोगों को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता ने गत 17 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग से सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की गर्भवती है। वह स्वास्थय जांच के लिए आई है और खुद को शादीशुदा बता रही है। गर्भवती के साथ आया युवक खुद को पति बता रहा है।

## किसान मोर्चे का धरना 517वें दिन भी जारी

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में 517वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता सुरजन खरल ने की और मंच संचालन मास्टर बलजीत सिंह ने किया। मंच सांझा करते हुए बलदेव सिंह ढाकल ने बताया कि मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों ने किसान, मजदूरों का जीना दूभर कर दिया है। दिन पर दिन बढ़ती नशाखोरी, महंगाई, भुखमरी, बेरोजगारी ने हमारी नस्ल और फसल को नष्ट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है।

## एसआईआर अभियान को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**नरवाना।** एसआईआर अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर्ण प्रताप सिंह ने की। इस बैठक में चारों मंडल अध्यक्षों तथा एडवोकेट मनदीप चहल बीएलए-1 ने भाग लिया। बैठक के दौरान सर अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सुनील अरोड़ा को मिला विद्वान रत्न सम्मान

**जींद।** द विंग्स ऑफ सुप्रीम लाइफ ट्रस्टए कुरुक्षेत्र द्वारा आज कंप्यूटर सेंटर संचालक सुनील अरोड़ा को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं समाजहित में प्रदान की जा रही उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विद्वान रत्न की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी शिक्षाविद् राजबीर गंगोरिया एवं कृष्ण कुमार ने कहा कि सुनील ने कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान की है। तकनीकी शिक्षा के प्रसार, युवाओं के कौशल विकास व रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते उन्हें प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया गया।

## अच्छे कर्म ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : शर्मा

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि मनुष्य इस संसार में खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही जाता है। जीवन के अंत समय में यदि कुछ साथ जाता है तो वह केवल उसके अच्छे कर्म होते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सदैव अच्छे कार्य करने चाहिए। मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। हमारे द्वारा किए गए कार्य किसी न किसी रूप में हमारे पास लौटकर आते हैं। इसलिए हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ समाज और मानवता की सेवा करनी चाहिए।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ उठाएं

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें चलाई हुई हैं।

### 22 सितंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

# बीएलओ घर-घर बांट रहे एन्यूमरेशन फार्म, मतदाता रखें कलर फोटो तैयार

## गणना फार्म को पूर्ण रूप से भरकर व हस्ताक्षर के साथ बीएलओ को सौंपे

**21 जुलाई को प्रकाशित होगा मतदाता सूची का प्रारूप**



जींद। घर-घर फार्म देते बीएलओ। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण एवं अद्यतन के लिए जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया हैए जोकि आगामी 14 जुलाई 2026 तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 1036 मतदान केंद्रों से संबंधित 1036 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करना शुरू कर दिया है। इसके बाद मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर अपने हस्ताक्षर के साथ बीएलओ के पास जमा करवाना होगा। जिस पर रंगीन फोटो भी लगाना अनिवार्य है। एसआईआर कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला में 121 सुपरवाइजरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वैशाली शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों द्वारा एक हजार से अधिक मतदाताओं की संख्या वाले मतदान केंद्रों की रेशनलाइजेशन प्रक्रिया 14 जुलाई से शुरू की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए जिला में कुल 121 सुपरवाइजरों तथा 1036 बीएलओ को लगाया गया है। वर्तमान में जिला की जींद, सफीदों, जुलाना, उचाना कलां तथा नरवाना पांचों विधानसभा क्षेत्रों के 305 गांवों तथा पांच नगर निकायों में 1043768 मतदाता है। इनमें से पुरुष मतदाताओं संख्या 552964 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 490795 है। इसके अलावा नौ मतदाता थर्ड जेंडर हैं। जिला में 1036 मतदान केंद्र स्थापित हैं। विधानसभा क्षेत्र जींद 36 में 207494 मतदाता हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 192 हैं। जींद विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 108252 है तथा 99240 महिला मतदाता है और दो मतदाता थर्ड जेंडर है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 35 सफीदों में कुल 199248 मतदाता हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 196 हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 105768 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 93477 है तथा तीन मतदाता थर्ड जेंडर है। विधानसभा क्षेत्र 34 जुलाना में कुल 187782 मतदाता हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 200 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 100678 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 87102 है तथा दो मतदाता थर्ड जेंडर है। विधानसभा क्षेत्र 37 उचाना कलां में कुल 221711 मतदाता हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 223 हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 118207 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 103504 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 38 नरवाना (आरक्षित) में कुल 227533 मतदाता हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 2225 हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 120059 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 107472 है तथा 2 मतदाता थर्ड जेंडर है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा कोई अपात्र व्यक्ति सूची में दर्ज न होने पाए। अभियान को पूर्ण पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ संचालित किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि 21 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

### मान्य दस्तावेज करना होगा प्रस्तुत

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान एक जुलाई 1987 से पूर्व जन्मे नागरिकों को अपनी आयु एवं पहचान संबंधी एक मान्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। वहीं एक जुलाई 1987 से दो दिसंबर 2004 के बीच जन्मे व्यक्तियों को अपना एक दस्तावेज तथा माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देना होगा। इसके अतिरिक्त दो दिसंबर 2004 के बाद जन्मे आवेदकों को अपना एक दस्तावेज तथा माता-पिता दोनों के एक-एक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उपायुक्त ने सभी एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर एवं मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा अभियान को जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। उपायुक्त ने जिले वासियों से भी अपील की है कि वे गणना फार्म को अच्छी प्रकार से भरकर अपने हस्ताक्षर करते हुए बीएलओ को सौंपे।



उचाना। घसो गांव का जलघर जो भेजे गए अस्टीमेट में शामिल है।

## पेयजल व्यवस्था सुधारने को दस करोड़ का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा

### जींद के पांच गांवों की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

घसो खुर्द, घसो कलां, सुरबरा, दरोली खेड़ा और झील गांव के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। इन गांवों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने करीब 10 करोड़ रुपये का अनुमानित प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए मुख्यालय भेज दिया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत कंडम हो चुकी पेयजल पाइप लाइनों को बदला जाएगा तथा जिन क्षेत्रों में अब तक पानी की पाइपलाइन नहीं पहुंची है वहां नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा जलघरों में पानी के टैंक, फिल्टर, चारदीवारी, पानी सप्लाई मोटर और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य भी करवाए जाएंगे। ग्रामीणों की लंबे समय से मांग रही है कि खराब हो चुकी पाइप लाइनों को बदला जाए और उन इलाकों तक पेयजल आपूर्ति पहुंचाई जाए जहां अभी तक पाइपलाइन नहीं बिछी है। जन स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कार्यों का विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेजा है। ग्रामीण मंदीप, सुरेंद्र, बलवान और राजा ने बताया कि कई क्षेत्रों में आज भी पेयजल पाइपलाइन नहीं पहुंची है, जबकि जहां पाइपलाइन मौजूद है वहां कई स्थानों पर वह कंडम हो चुकी है। इसके कारण पानी की सप्लाई प्रभावित होती है और कई बार गंदा पानी भी सप्लाई में पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि जलघरों में भी फिल्टर, मोटर, टैंक और चारदीवारी जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि पांचों गांवों में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए करीब 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मुख्यालय को भेजे जा चुके हैं। इनमें नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी कंडम पाइपलाइन बदलने, जलघरों में चारदीवारी, फिल्टर, पानी के टैंक, पानी सप्लाई मोटर और अन्य मरम्मत कार्य शामिल हैं।

## फीजियोथीरैपी केंद्र का किया उद्घाटन




जींद। शेड का उद्घाटन करते सांसद सतपाल ब्रह्मचारी। *फोटो :हरभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि दूसरों के काम आना ही सही मायने में इंसानियत है। यही बात मनुष्य और पशु में अन्तर करती है। इसलिए जो भी संस्था और समिति सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर कार्य करती हैए उसे सहयोग देने और सीचिंत करने के लिए हर किसी को आगे आना चाहिए। सांसद बुधवार को जींद के हाऊसिंग बोर्ड स्थित बंद मार्केट के नजदीक मानव सेवा समिति के फीजियोथीरैपी केन्द्र के उद्घाटन करने के बाद समारोह को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते कहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री ने शिरकत की। सांसद ने कहा कि आज के दौर में खासकर 60 पार वाले लोगों के लिए इस तरह की सेवाएं कारगर साबित होती है। कार्यक्रम में सोनीपत सांसद ने मानव सेवा समिति की स्मारिका का भी विमोचन किया। सांसद ने रिटायर्ड डीईओ रामभगत शर्मा की गीता पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। सोनीपत सांसद ने बुधवार को ही गांव रधाना में स्थित शिव मंदिर व दादा तीर्थ स्थान पर पहुंच कर अपने कोटे से बने हुए शैड का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में चलने वाली श्री भागवत कथा का शुभारंभ भी किया। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपूर, महासचिव पवन दूहन, सांसद प्रतिनिधि वजीर गांगोली सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आर्थिक आधार पर दिए आरक्षण में वर्गीकरण की उठी मांग

**जींद।** केंद्र सरकार ने सामान्य जातियों को आर्थिक आधार पर जो आरक्षण दिया है, उसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति ने वर्गीकरण करने की मांग बुलंद की है। मांग को सिरे चढ़ाने के लिए समिति ने हरियाणा के युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री गौरव गौत्तम, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, सफीदों विधायक रामकुमार और उचाना विधायक देवेंद्र अत्री को संयुक्त तौर से ज्ञापन सौंपकर मजबूती के साथ पैरवी करने की मांग की है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीराम दीक्षित के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधिमंडल में ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान रामफूल शर्मा, तेलूराम शर्मा, रामफल , बलजीत कंमाडो, बलवान दीक्षित सहित अनेकों लोग मौजूद थे। ज्ञापन सौंपने के बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीराम ने कहा कि केंद्र सरकार ने आर्थिक आधार पर जो आरक्षण दिया है, उसमें वर्गीकरण के लिए पिछले कई महीनो से मांग की जा रही है।

## घसो कलां-घसो खुर्द में पेयजल संकट खत्म

### गांव घसो जलघर का टैंक नहरी पानी से लबालब



उचाना। घसो जलघर में नहरी पानी से लबालब भरा टैंक। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

घसो गांव के जलघर में नहरी पानी की सप्लाई पहुंचने के बाद जलघर का टैंक पूरी तरह लबालब भर गया है। इससे घसो कलां और घसो खुर्द के ग्रामीणों को अब पेयजल की किसी प्रकार की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। सिरसा ब्रांच नहर बंद होने के कारण पिछले कुछ दिनों से जलघर का टैंक खाली होने लगा था, जिसके चलते गांव में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई थी। हालांकि जन स्वास्थ्य विभाग ने टैंक में उपलब्ध पानी से नियमित सप्लाई जारी रखकर स्थिति को संभाले रखा। गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों ने जलघर के टैंक को जल्द भरवाने की मांग भी उठाई थी। रविवार शाम से नहरी पानी जलघर में पहुंचना शुरू हो गया था, जिसके बाद टैंक को भरने का कार्य लगातार जारी रहा और अब टैंक पूरी तरह भर चुका है। इससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है। जेई विनय ने बताया कि नहरी पानी से जलघर का टैंक लबालब भर गया है। विभाग ने पहले भी पानी की सप्लाई बाधित नहीं होने दी थी और गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।



जींद। योग के गुर सिखते प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

## प्रतिभागियों ने सीखे उन्नत आसन और प्राणायाम के गुर

**जींद।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के महर्षि पतंजलि योग भवन में आयुष विभाग द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल पर आधारित इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों ने शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक गुर सीखे। कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नही बल्कि संतुलित जीवनशैली जीने की एक प्रभावी कला है। आज के डिजिटल युग में तनाव से मुक्ति और मानसिक शांति के लिए प्रत्येक नागरिक को योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और इसके लिए प्रतिदिन योगाभ्यास आवश्यक है। जिला समन्वयक डा. योगेश कुमार ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, सोच सकारात्मक बनती है।

## जुलाना क्षेत्र में 11.36 करोड़ रुपये से बनेंगे खेतों के खाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी सौगात देते सरकार ने माइक्रो इरिगेशन एंड कमांड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के तहत खाल निर्माण के लिए 11.36 करोड़ की राशि जारी की है। यह परियोजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 19 जुलाई 2025 को जुलाना विधानसभा में आयोजित विकास रैली के दौरान की घोषणा का हिस्सा है। जारी बजट के अनुसार जुलाना विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों में खाल निर्माण का कार्य किया जाएगा। विभागीय विभाजन के तहत जींद डिवीजन में आने वाले गोसाईंखेड़ा गांव में 4.18 करोड़ की लागत से खाल का निर्माण होगा। जबकि रोहतक डिवीजन के अंतर्गत आने वाले पौली और देवरड़ गांवों में 7.18 करोड़ से खाल बनाई जाएगी। हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन एवं जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने स्वीकृति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार केवल घोषणाएं करने तक सीमित नहीं रहती बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने में भी विश्वास रखती है।

### घोषणाएं की जा रही पूरी

कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि खाल निर्माण से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई व्यवस्था में बड़ी राहत मिलेगी तथा कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा जुलाना विस के विकास के लिए भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विकास रैली में की घोषणाएं पूरी की जा रही हैं जिससे जनता का सरकार पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।




जींद। कार्यशाला में भाग लेते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

## बाल कलाकारों के हुनर को निखार रही चित्रकला कार्यशाला

**जींद।** हरियाणा कला परिषद एवं सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला में बच्चे अपने हुनर को नई उड़ान दे रहे हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल कलाकारों को चित्रकला की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराकर भविष्य के कुशल कलाकार तैयार करना है। कार्यशाला में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा कला परिषद और सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसायटी निरंतर प्रयासरत हैं। बच्चे विभिन्न विषयों पर सुंदर कलाकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यशाला का अवलोकन रंगकर्मी डा. हनीफ भाटी, समाजसेवी पूनम व डा. सुधा मल्होत्रा ने किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा अपने विचार भी सांझा किए। इस अवसर पर प्रशिक्षक दीपक कौशिक एवं सुमित आर्य उपस्थित रहे। साथ ही मुकीम, जतिन, आशु और रजनी ने भी बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यशाला में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

### किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन में किसानों ने सांझा की सफलता की कहानियां

**हमेटी परिसर में किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन**

# नायब सरकार की योजनाओं से खेती व पशुपालन को मिला नया आयाम : ढुल



जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते तजेंद्र ढुल। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार की 12 वर्षों पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को हमेटी परिसर में किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रधान तेजेंद्र सिंह ढुल ने शिरकत की। तेजेंद्र ढुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं ने किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने तथा पशुधन संरक्षण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करें। सम्मेलन के दौरान सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पशुधन बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी किसानों ने मंच से अपने अनुभव और सपॅलता की कहानियां सांझा की। किसानों ने बताया कि सरकारी योजनाओं से उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिली है तथा आधुनिक खेती के माध्यम से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### ये रहे मौजूद

किसानों ने आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों के प्रति विशेष रुचि दिखाई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक गिरीश नागपाल ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते बताया कि सरकार कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर कृषि विभाग के एसडीओ डा. सुशील कुमार, डा. बलजीत, पशुपालन विभाग के चिकित्सक डा. बलवंत सिंह, प्रगतिशील किसान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के साथ भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**उचाना।** भाजपा नेता पंडित दीपक बुडायन ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जींद पहुंचीं डॉ. अर्चना गुप्ता का कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। जिले भर में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रदेशाध्यक्ष का फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ स्वागत किया। बुडायन ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में लगभग दो दर्जन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। हर कार्यक्रम अपने आप में विशेष रहा और भाजपा के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण को दर्शाता था उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया। भाजपा संगठन प्रदेश में लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर पार्टी आने वाले समय में और अधिक ऊंचाइयों को छुएगी।

## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से युवक घायल

कैथल। गांव कुराड़ के एक युवक को बाइक पर कलायत जाते समय एक कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले कैथल के सरकारी अस्पताल और बाद में दिल्ली के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। कलायत थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कुराड़ निवासी चन्द्रभान ने बताया कि उसका बेटा ओमबीर 13 जून की शाम करीब 6:30 बजे बाइक पर घर का सामान लेने के लिए कलायत जा रहा था।

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

कैथल। गांव ट्यौंठा में चोरों ने बिजली निगम के ट्रांसफार्मर से सामान चोरी कर लिया। चोरी की इस वारदात से निगम को करीब 64 हजार 815 रुपए का नुकसान हुआ है। शिकायत के आधार पर पूंडरी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूएचबीवीएन पूंडरी डिवीजन-2 के एसडीओ बलवान मेहरा ने बताया कि 19-20 मई की रात गांव ट्यौंठा खेल क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर से कोई अज्ञात सामान चोरी कर ले गया।

### मौत के मामले में दोषी चालक को 2 साल कैद

कैथल। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तुषार शर्मा की अदालत ने सड़क हादसे में कॉलेज छात्रा की मौत के मामले में ट्रक चालक को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष के कारावास तथा 1200 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ता, हालांकि दोषी ने मौके पर ही जुर्माने की राशि जमा करवा दी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अजय कुमार गुप्ता और अर्पित गुप्ता ने सरकारी वकील बलिंद्र सिंह के साथ पैरवी की। शिकायतकर्ता अमित कुमार निवासी गांव छौत ने 27 नवंबर 2018 को थाना शहर कैथल में मुकदमा दर्ज करवाया था।

### नागरिक अपनी लघु फिल्में 30 तक भेजें

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 12वीं लघु फिल्म प्रतियोगिता-2026 का आयोजन करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने व समाज में संवेदनशीलता विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। जिले के युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिक अपनी लघु फिल्में 30 जून तक गूगल ड्राइव के माध्यम से पर भेज सकते हैं। डीसी ने बताया कि देश का कोई भी नागरिक, किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

### मोबाइल छीन फरार होने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मोबाइल छीनने की वारदात का मात्र 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों से छीना छपटी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। गांव बेलरखां निवासी संदीप ने शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को वह कार्यवश बाहर आया हुआ था। रास्ते में हरियल चौक नरवाना के पास बाइक पर सवार तीन युवक आए और युवक ने उसके हाथ से फोन छीन लिया था।

### अजय राणा बने कांग्रेस के ब्लॉक प्रधान

राजौंद। अजय राणा को कांग्रेस पार्टी का ब्लॉक प्रधान नियुक्त किए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अजय राणा ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राव नरेंद्र सिंह, सांसद जय प्रकाश (जेपी) तथा का विशेष धन्यवाद किया। कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। भरोसा दिलाया कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य करेंगे।

---

### कस्टम ड्यूटी, बैंक चार्ज और विदेशी मुद्रा दिलाने के नाम पर लगाया चूना

# विदेशी महिला की फेसबुक फ्रेंडशिप में फंसा बुजुर्ग, 8.75 लाख रुपये ठगे

साइबर थाना पुलिस ने किया गिरोह का भंडाफोड़, 2 नाइजीरियन समेत 5 पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। साइबर ठगी मामले के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

फेसबुक पर विदेशी महिला से हुई दोस्ती एक बुजुर्ग को महंगी पड़ गई। महिला ने पहले भरोसा जीता, फिर भारत आने और करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा भेजने का झांसा देकर कस्टम ड्यूटी, बैंक चार्ज और वैट कोड के नाम पर 8.75 लाख रुपये ठग लिए। मामले में साइबर थाना पुलिस ने दो नाइजीरियन समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जनकपुरी कॉलोनी निवासी एक वरिष्ठ नागरिक को फरवरी 2025 में फेसबुक पर जॉनसन डेनियल नाम की महिला की आईडी से मैसेज आने शुरू हुए। बातचीत बढ़ने पर महिला ने खुद को यूनाइटेड किंगडम के मैनचेस्टर की निवासी बताया। इसके बाद उसने वाट्सएप पर संपर्क कर महंगे उपहार, हवाई टिकट और फ्लाइट यात्रा की तस्वीरें भेजकर विश्वास कायम किया।

#### मुंबई एयरपोर्ट कर्मी बताया

5 मार्च को शिकायतकर्ता के पास एक महिला का फोन आया, जिसने खुद को मुंबई एयरपोर्ट कर्मचारी बताया। उसने कहा कि विदेशी महिला बड़ी मात्रा में ब्रिटिश पाउंड लेकर भारत पहुंची है, लेकिन कस्टम विभाग ने उसे रोक लिया है। इसके बाद कस्टम ड्यूटी, क्लियरेंस चार्ज और अन्य शुल्कों के नाम पर बार-बार पैसे जमा करवाए गए। आरोपियों ने रोते हुए वीडियो भेजकर भावनात्मक दबाव बनाया और भरोसा दिलाया कि जमा करवाई गई रकम वापस कर दी जाएगी। बाद में फर्जी विदेशी बैंक खाता, एटीएम कार्ड और करोड़ों की विदेशी मुद्रा ट्रांसफर होने का झांसा देकर और रकम ऐंठी गई।

#### परिचित से भी रकम ट्रांसफर करवाई

आरोपियों ने शिकायतकर्ता के साथ-साथ उसके परिचित जयप्रकाश के खातों से भी फोन-पे, गूगल-पे और अन्य माध्यमों से रकम ट्रांसफर करवाई। मार्च से मई 2025 के बीच कुल 8.75 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। जब कोई रकम वापस नहीं मिली तो पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ और साइबर थाना में शिकायत दी।

#### नाइजीरियन आरोपियों ने रची पूरी साजिश

साइबर थाना एसएचओ रणदीप सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने बीर बहादुर गुरूंग उर्फ दीपक तमंग, दीपा बिश्वाकर्मा, रेखा सुहाग तथा नाइजीरिया निवासी नजूबे चूकवुड़ी और इटोहन मर्सी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि फेसबुक आईडी और ठगी की पूरी साजिश नाइजीरियन आरोपियों ने रची थी, जबकि अन्य आरोपी बैंक खाते उपलब्ध करवाकर ठगी की रकम निकलवाने का काम करते थे। एक आरोपी रेखा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है।

#### सोशल मीडिया पर पैसे मांगने जैसी बातों पर भरोसा न करें : एसपी

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों से दोस्ती, विदेश से गिफ्ट भेजने, लॉटरी जीतने, निवेश पर अधिक लाभ या कस्टम ड्यूटी के नाम पर पैसे मांगने जैसी बातों पर भरोसा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन ठगी की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर दें।

---

# नियमित योग करने से मानसिक शांति: डॉ. संजय




कैथल। योगासन करवाते स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य प्रतिनिधि डॉक्टर संजय।

- स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य प्रतिनिधि डॉक्टर संजय व प्रदेश प्रभारी ईश आर्य ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान जिला कैथल द्वारा संचालित सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर व ध्यान शिविर के 16 वें दिन मंगलवार का शुभारंभ हरिद्वार से स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य प्रतिनिधि के रूप में आए डॉक्टर संजय व भारत स्वाभिमान प्रभारी हरियाणा ईश आर्य, डॉ राम कीर्ति गर्ग व डॉक्टर अभिलाषा जैन द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। डॉ संजय व ईश आर्य ने कहा की भारत पहले भी विश्व गुरु था, आज भी विश्व गुरु है और आगे भी विश्व गुरु रहेगा। हमने परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 200 देश के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाकर यह साबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बाह्य प्राणायाम करने से वात पित्त कफ संतुलित होता है। ऊर्जा एकत्रित होती है दिन भर थकावट नहीं होती। उन्होंने बताया कि अच्छी चीज का हमेशा विरोध होता है लेकिन बाद में लोग उसे समर्थन करते हैं और फिर समर्पण कर देते हैं। योग में भी ऐसा ही हुआ आप देख रहे हैं हर व्यक्ति योग कर रहा है। डॉ राम कीर्ति गर्ग और डॉक्टर अभिलाषा जैन ने बताया कि योग करने से और संतुलित खान-पान से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है इसलिए हमें योग अवश्य बनाना चाहिए।

#### योग को अपनाने का आह्वान

स्वाभिमान प्रभारी व शिविर संयोजक रामचरण ने कहा कि 21 जून को विश्व योग महोत्सव हुड्डा सेक्टर 20 पार्क में मनाया जा रहा है। विश्व योग दिवस सिंबॉलिक है, प्रेरित करने के लिए है, इससे लोगों में प्रेरणा आती है जागृति आती है और लोग नियमित योग करने लगते हैं। नगर वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

---

# अब चकाचक होगा गांव पाई

- पंचायत ने उठाया गांव के सुंदरीकरण का बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाई



पाई। गांव में पार्क बनाने के लिए डाली जा रही मिट्टी। फोटो : हरिभूमि

पाई ग्राम पंचायत ने गांव का सौंदर्य करण करने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में अब गांव के अंदर लगभग दो एकड़ में पार्क बनाने का कार्य विचाराधीन है। जिस पर करोड़ों रुपए खर्च आने का अनुमान है। इसके बावजूद वैसे तो ग्राम पंचायत द्वारा सरकार को इस पार्क को बनाने के लिए रेजूलेशन भी भेजा हुआ है। यदि सरकार इसको मंजूर करती है तो गांव के विकास में चार चांद लग जाएंगे। पाई की सरपंच राजबाला व सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल ने बताया कि उन्होंने ग्राम के विकास को देखते हुए गांव में पार्क बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पार्क का नाम दीन बंधु सर छोटू राम होगा। उन्होंने बताया कि यह पार्क नए बस स्टैंड के बिल्कुल सामने पंचायत भवन के पास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां पर ग्राम पंचायत की लगभग दो एकड़ खाली जमीन पड़ी हुई हैं , जिसमें पहले गांव के कुछ मकानों के गंदे पानी के निकासी थी। सीवरेज बनने के बाद गंदे पानी की निकासी बंद हो गई । यह जगह सड़क से काफी नीचे थी, जिस कारण से कुछ समय पूर्व दाब वाले तालाब से निकली हुई मिट्टी डालकर इसका भराव भी करवा दिया गया है।

### कैथलः दस दिवसीय पारस्परिक लोक गीतों की कार्यशाला का समापन

कैथल। कला एवं सांस्कृतिक विभाग चण्डीगढ़ के सौजन्य से आयोजित दस दिवसीय पारस्परिक लोक गीतों की कार्यशाला का समापन पंत नगर स्थित नर नारायण समिति माधव सेवा केंद्र में हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कॉपरेटिव बैंक मैनेजर राजेश कुमार, पूर्व जिला खेल अधिकारी जसवंत ने शिरकत की। भारत विकास परिषद व नर नारायण समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने फागुन व सावन गीतों से कार्यक्रम में समां बांधा। गीतो के साथ साथ पारस्परिक लोक गीतों के माध्यम का मनोरंजन किया। प्रधान राजेश कुमार, अमित ने सुशील, कश्मीर, महिपाल व सांस्कृतिक अधिकारी दीपिका का आभार जताया। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे, ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखार सकें।



कैथल। नर नारायण समिति माधव सेवा केंद्र में चल रही कार्यशाला।

---

## न्यूज डायरी



### चित्रकला, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

कलायत। केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य में विशेष राज्यव्यापी प्रचार अभियान जारी है। 8 से 20 जून तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया। प्राचार्य डा.अश्विनी मंगला ने बताया की चित्रकला, पोस्टर मेकिंग व अन्य प्रतियोगिताएं स्कूल में करवाई गई। इसमें नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति, शिक्षा का अमृत काल, युवा शक्ति - विकसित भारत की शक्ति, डिजिटल भारत एवं विकसित हरियाणा, लाड़ो लक्ष्मी योजना, नशामुक्त भारत, स्वच्छ भारत व एक पेड़ मां के नाम विषय मुख्य रूप से शामिल रहे।

### रैलियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला अलोकतांत्रिक

ढांड। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने हरियाणा सरकार द्वारा आगामी सितंबर महीने तक राज्य में धरना, प्रदर्शन और रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्णय पर गहरी आपत्ति जताई है। पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने जारी बयान में कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जनता का मौलिक अधिकार है। सरकार का यह प्रतिबंध पूरी तरह से तानाशाही पूर्ण है और इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता।कामरेड सारसा ने कहा कि एक तरफ जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष और आम लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की दलीलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की आड़ में प्रदेश की जनता के अधिकार छीने जा रहे हैं।

### पुनरीक्षण के तृतीय चरण में घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

कलायत। राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तृतीय चरण की शुरुआत के साथ ही बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है। सुपरवाइजर रवि प्रकाश गर्ग ने बताया कि जिला उपायुक्त अपराजिता एवं एसडीएम अजय हुड्डा के निर्देश पर इस अभियान को संजीदगी से गतिमान किया जा रहा है। इस लक्ष्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। ताकि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज रह सकें।

### कांग्रेस संगठन विस्तार को लेकर जूम बैठक

कैथल। राज्यसभा सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा एवं कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला के निर्देशन में तथा हरियाणा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी के आह्वान पर हरियाणा महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रज्ञा पाशा जैन के नेतृत्व में संगठन विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जूम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस संगठन से जोड़ने तथा आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

---



पूंडरी। समिति सदस्यों के साथ गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद महाराज।

### गीता के संदेश से ही समाज में स्थापित होंगे नैतिक व आध्यात्मिक मूल्य : स्वामी ज्ञानानंद

पूंडरी। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की मासिक बैठक समिति प्रधान सुनील गर्ग के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज विशेष रूप से पहुंचे। समिति सदस्यों ने उनका स्वागत किया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने पूंडरी में हाल ही में आयोजित हुए दिव्य गीता सत्संग के सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों को प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शन है। गीता के प्रचार-प्रसार से समाज में नैतिकता, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने समिति सदस्यों से सनातन धर्म की रक्षा और जिओ गीता अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वामी जी ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं को भारतीय संस्कृति और गीता के संदेश से जोड़ना जरूरी है।

# ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श जांच व फ्री दवाइयां उपलब्ध करवाई

- गांव सौंगल में नवीन जिंदल फाउंडेशन ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। शिविर में नागरिकों की सेहत की जांच करते चिकित्सक।

जन सेवा के लक्ष्य को लेकर नवीन जिंदल फाउंडेशन की तरफ से कलायत विधानसभा के गांव सौंगल में निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, आवश्यक जांच व निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। फाउंडेशन की मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित शिविर में डा.बलिंद्र के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए 140 लोगों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। 16 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी गई। सांसद कार्यालय कैथल प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का विजन है आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही महंगी चिकित्सा से उन्हें राहत दिलाना है। इसके तहत लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

---

### करीब 100 वर्ष के लंबे अरसे के बाद जिंदा होगी परंपरा

# प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर हर सांय होगी तीर्थ आरती

धरोहर का इतिहास रामायण व महाभारत सहित विभिन्न गौरवशाली कालों से जुड़ा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट। फोटो : हरिभूमि

कलायत स्थित प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर अब हर सांय को तीर्थ आरती होगी। करीब 100 वर्ष के लंबे अरसे के बाद यह परंपरा जिंदा होने जा रही है। इस धरोहर का इतिहास रामायण व महाभारत सहित विभिन्न गौरवशाली कालों से जुड़ा है। सरोवर तट पर स्थित मंदिरों की श्रृंखला देश की सांझी विरासत का अनूठा प्रमाण है। इस प्रकार के बड़े सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी ने हरिद्वार की प्रसिद्ध हर की पौड़ी की तर्ज पर नियमित संध्या आरती शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ लोगों को अपनी परंपराओं से जोडऩा है। ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले और क्षेत्र के लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर मजबूत हों। श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष राजू कौशिक की अगुवाई में इस परंपरा को लेकर विभिन्न संगठनों की बैठकों का सिलसिला पिछले कुछ समय से जारी था। इसके तहत नगर पालिका पार्षदों, विश्व हिंदु परिषद, क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम लोगों से विरासत को सहेजने की अपील की जा रही थी। भगवान कपिल मुनि मंदिर के पुजारी संजय शास्त्री एवं अनिरुद्ध गौतम प्रतिदिन संध्या आरती का संचालन कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करेंगे। आरती को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए क्षेत्र के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों से इसमें बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की जा रही है। तीर्थ कमेटी सचिव संजय सिंगला, विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, श्री कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य प्रवक्ता रवि प्रकाश गर्ग, मुकेश पाराशर, राज मुदगिल, मामराज राणा, पाला राम प्रजापति व अन्य श्रद्धालुओं का मानना है कि सामूहिक सहभागिता से धार्मिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

#### विकास को लेकर सरकार प्रयासरत

हरियाणा सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने बताया कि प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ के साथ-साथ कुरुक्षेत्र की परिधि में आने स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिस प्रकार तीर्थों व सरस्वती नदी के विकास के लिए काम कर रहे हैं उससे सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होंगी। सीएम की अपील को ध्यान में रखते जिस प्रकार कलायत कपिल तीर्थ पर संध्या आरती की शुरूआत की गई है वह प्रशंसनीय है।

### सुभाष बडसीकरी बने जिला मीडिया प्रभारी

राजौंद। किसान यूनियन के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सुभाष बडसिकरी को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों में खुशी की लहर देखने को मिली और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।इस दौरान किसान नेता राकेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता युद्धवीर शेरावत, वरिष्ठ पदाधिकारी रतन मान, सतपाल ढिल्लो वाली तथा जिला प्रधान रवि आर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने सुभाष बडसिकरी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाएंगे।नियुक्ति के बाद सुभाष बडसिकरी ने सभी वरिष्ठ नेताओं और संगठन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, वह उनके लिए गर्व की बात है।

## खबर संक्षेप



### 6 ग्राम चिट्टे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी भागल पुलिस ने एक युवक को 6.04 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भागल पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बाल्मीकि बस्ती चीका निवासी अजय चिट्टा बेचने के लिए ककराला क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बलबेहड़ा रोड, भागल पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद बताए गए हुलिए का एक युवक आता दिखाई दिया। सामने पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे काबू कर लिया।

### कार की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**कैथल।** शहर के करनाल रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी में सड़क पार कर रहे एक 71 साल के बुजुर्ग को गलत दिशा से आए कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई, जबकि आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान डिफेंस कॉलोनी निवासी महिपाल (71) के रूप में हुई है। मृतक दोपहर का भोजन करने के बाद दोस्त से मिलने के लिए घर से पैदल निकला था। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के बेटे शुभम ने बताया कि उनके पिता घर पर ही रहते थे और रोज की तरह दोस्तों से मिलने के लिए निकले थे।

### पोर्टल पर शर्तें लगाए जाने पर रोष जताया

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा ने हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पोर्टल को आंशिक रूप से खोलने के सरकार के फैसले को मजदूरों के लंबे संघर्ष की जीत तो बताया है लेकिन साथ ही इसे निर्माण मजदूरों के साथ किया जा रहा एक बड़ा छलावा भी करार दिया है। यूनियन के जिला प्रधान जोगिंद्र ईगराह व जिला सचिव संदीप जाजवान ने बताया कि सरकार यह प्रचारित कर रही है कि मजदूरों की समस्याओं का समाधान कर दिया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि पोर्टल पर ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं लागू कर दी गई हैं, जिन्हें पूरा करना अधिकांश निर्माण मजदूरों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों के लिए लगभग असंभव है। संदीप जाजवान ने कहा कि पिछले लंबे समय से निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगी हुई थी।

## स्वास्थ्य अधिकारियों ने अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर के लिए जगह का किया चयन

# नागरिक अस्पताल में मरीजों को मिलेंगी ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को ब्रांडेट कंपनियों की दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए अर्मित फार्मेसी खोले जाने की योजना है। इसके अलावा यहां आने वाले मरीजों व तिमारदारों को वीटा पार्लर से वीटा के उत्पाद उपलब्ध हों, इसके लिए बूथ बनाया जाएगा। दोनों योजनाओं को सिरे चढ़ाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों ने जगह का चयन किया है और इसे कांट्रेक्टर को बता दिया है। अब कांट्रेक्टर जल्द ही यहां पर निर्माण कार्य शुरू करेगा। स्वास्थ्य विभाग को केवल जगह उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक की तरफ से बोला गया था। अब यहां पर निर्माण कार्य व स्टोर चलाना उनका काम है, जिन्होंने इसके लिए कांट्रेक्ट लिया हुआ है।



जींद। जगह का चयन करते पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया। फोटो: हरिभूमि

### हर जिले में खुलेगी अमृत फार्मेसी

हरियाणा सरकार ने स्वस्थ हरियाणा अभियान के तहत प्रत्येक जिले के नागरिक अस्पतालों में अमृत फार्मेसी के नाम से मेडिकल स्टोर खोलने की योजना बनाई है। इन मेडिकल स्टोर पर सभी प्रकार की ब्रांडेड दवाइयां बाजार से सस्ती मिलेंगी। कई बार अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में मरीजों को बाजार से दवाइयां खरीदनी पड़ती है। अब सरकार ने इन दवाइयों की सुविधा अस्पताल में ही उपलब्ध करवाने के लिए अमृत फार्मेसी के नाम से मेडिकल स्टोर खोलने की योजना बनाई है। इस स्टोर पर बाजार से सस्ते दामों पर दवाइयां मिलेंगी। इसे लेकर नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर पूनिया व वरिष्ठ दंतक सर्जन डा. दिनेश गुप्ता ने कांट्रेक्टर को अस्पताल की नई बिल्डिंग की तरफ जाने वाले मुख्य रास्ते पर जगह बताई है।

> अमृत फार्मेसी में ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयां उपलब्ध होंगी सस्ती दरों पर
> वीटा पार्लर से मरीजों व उनके तीमारदारों को मिल सकेंगे वीटा के सभी उत्पाद

### 24 घंटे मिलेंगे हर प्रकार के उत्पाद

नागरिक अस्पताल में अमृत फार्मेसी के साथ ही वीटा पार्लर खोला जाना है। इसमें वीटा के हर प्रकार के उत्पाद 24 घंटे मिलेंगे। वीटा दूध, घी, लस्सी, दही समेत हर प्रकार के वीटा उत्पाद यहां उपलब्ध होंगे। नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए यह बहुत बड़ी सुविधा होगी। इस समय इन लोगों को अस्पताल के बाहर यह सामान लेने के लिए जाना पड़ता है। रात को दुकानें बंद होने के बाद भी मरीजों व उनके तीमारदारों को परेशानी होती है। वीटा पार्लर बार 24 घंटे खुला रहेगा।

### ये है मामला

वीटा पार्लर व अमृत फार्मेसी खोलने के लिए जगह का चयन नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में वीटा पार्लर व अमृत फार्मेसी खोलने के लिए जगह का चयन कर कांट्रेक्टर को बता दिया गया है। नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के मुख्य रास्ते पर ही यह जगह चयनित की गई है। अमृत फार्मेसी व वीटा पार्लर खुलने से मरीजों व उनके तीमारदारों को लाभ होगा।



सीवन। गुम हुआ पर्स उसके मालिक को सौंपते थाना प्रबंधक जय भगवान, साथ में दलेर सिंह एवं राजेंद्र कुमार। फोटो: हरिभूमि

## गुम हुआ पर्स लौटाकर दलेर सिंह ने पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

- थाना प्रबंधक जय भगवान की तत्परता से मालिक को मिला पर्स

ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सीवन निवासी दलेर सिंह ने एक गुम हुआ पर्स उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें रास्ते में एक पर्स मिला, जिसमें लगभग 3915 रुपये की नकदी के साथ कई जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। दलेर सिंह ने बिना किसी स्वार्थ के पर्स को थाना सीवन में जमा करवा दिया।

थाना प्रबंधक जय भगवान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत पर्स के मालिक का पता लगवाया। जांच के दौरान पर्स राजेंद्र कुमार निवासी सीवन का निकला। इसके बाद राजेंद्र कुमार को थाने बुलाकर उनका पर्स सकुशल लौटा दिया गया। थाना प्रबंधक जय भगवान ने दलेर सिंह की सराहना करते हुए कहा कि ईमानदार और जागरूक नागरिक समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही समाज में विश्वास और नैतिक मूल्यों की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दलेर सिंह का यह कदम दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। वहीं राजेंद्र कुमार ने अपना पर्स वापस मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उसमें नकदी के अलावा कई महत्वपूर्ण कागजात भी थे। उन्होंने दलेर सिंह की ईमानदारी और थाना प्रबंधक जय भगवान की सक्रियता के लिए उनका विशेष धन्यवाद किया।

## दिव्यांग महिला से मिलने कुर्सी छोड़ बाहर पहुंचे विधायक, नेकदिली की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

- जनता दरबार में सुनी समस्या, मौके पर समाधान का दिया आश्वासन

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की संवेदनशील कार्यशैली एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। अपने आवास पर प्रतिदिन लगने वाले जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे विधायक अत्री को जैसे ही सूचना मिली कि एक दिव्यांग महिला अपनी समस्या लेकर पहुंची है, वह तुरंत अपने कार्यालय से बाहर आ गए।

विधायक ने महिला को व्हीलचेयर से उतरवाकर सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बैठाया और उसकी समस्या को सुना। महिला द्वारा रखी गई मांग पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक की इस संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार की वहां मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंसा की। दिव्यांग महिला ने कहा कि उसने पहली बार ऐसा विधायक देखा है जो अपनी कुर्सी छोड़कर स्वयं बाहर आकर लोगों से मिलता है। उन्होंने कहा कि विधायक अत्री के बारे में उनकी नेकदिली की बातें सुन रखी थीं, लेकिन आज मुलाकात के बाद यह बात सच साबित हो गई। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करवाना उनका दायित्व है। जो व्यक्ति उम्मीद और विश्वास के साथ उनके पास आता है, उसकी बात सुनना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि आवास पर एक भी व्यक्ति आने की सूचना मिलती है तो वह तुरंत उससे मिलने पहुंचते हैं, ताकि किसी को भी इंतजार न करना पड़े। जनसेवा ही उनका उद्देश्य है और जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए वह हर समय उपलब्ध रहते हैं। प्रतिदिन 300 से 400 लोग विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर उनके आवास पर पहुंचते हैं।



उचाना। दिव्यांग महिला से मुलाकात कर अभिवादन करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### मित्तल व चहल बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**कैथल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कैथल जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कैथल नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन रामनिवास मित्तल को कैथल शहरी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष तथा पूर्व सरपंच कुलदीप चहल दिल्लोंवाली को कैथल ग्रामीण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रामनिवास मित्तल और कुलदीप चहल दिल्लोंवाली ने कहा कि हम कांग्रेस की विचारधारा को हर बूथ तक पहुंचाएंगे। रामनिवास मित्तल और कुलदीप चहल दिल्लोंवाली ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस केमरी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद का धन्यवाद किया।

## नियमित योगाभ्यास से शरीर, मन और विचारों में आता है सकारात्मक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, कैथल के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा में आयोजित तीन दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी, एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट तथा नेहरू युवा केंद्र के सदस्य सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में योग विशेषज्ञों एवं आयुष योग सहायकों ने प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का विधिवत प्रशिक्षण दिया।

दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रतिभागियों को सही श्वास तकनीक तथा योग की वैज्ञानिक उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की थीम /"स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग/" है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर जीवन के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित एवं अनुशासित बनाने की संपूर्ण जीवन पद्धति है।



कैथल। राजकीय कन्या स्कूल में योगासन करवाते योग शिक्षक



राजौंद। ज्ञान दीप विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जादूगर बी.के. सम्राट अपनी जादुई कला का प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ज्ञान दीप विद्यालय के समर प्रेरणा कैंप में बच्चों ने लिया मैजिक शो का आनंद

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड स्थित ज्ञान दीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में चल रहे समर प्रेरणा कैंप के दौरान विद्यार्थियों को प्रतिदिन नए-नए प्रयोगों के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है। साइंस और मैथ्स से जुड़े रोचक प्रयोगों के जरिए बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। बुधवार को विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से स्कूल के एमडी कुलबीर दीक्षित द्वारा एक विशेष मैजिक शो का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में राजौंद के प्रसिद्ध जादूगर बी.के. सम्राट ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। जादूगर की आकर्षक एंट्री ने ही माहौल को रोमांचक बना दिया और उनके हैरतअंगेज करतबों ने सभी का दिल जीत लिया। मैजिक शो के दौरान उन्होंने कई शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दीं, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश, आग से फूल बनाना, नोटों की बारिश, रस्सी को काटकर दोबारा जोड़ना तथा अध्यापक के हाथ से अंगूठी गायब करना जैसे रोचक प्रयोग शामिल रहे। इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाई करने, माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने के संदेश भी जादू के माध्यम से दिए गए।

## पंचमुखी चौक पर चालकों की मनमानी से थमे पहिए, डेढ़ घंटे तक राहगीरों ने झेली परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

कस्बे के पंचमुखी चौक पर बुधवार को उस समय यातायात व्यवस्था की पोल खुल गई, जब पांचों दिशाओं से आए वाहनों के कारण यह मुख्य चौक पूरी तरह ब्लॉक हो गया। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ यह जाम करीब डेढ़ घंटे तक जारी रहा। जाम के चलते वाहनों के धुएं और चिलचिलाती धूप के बीच राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

**पांच रास्तों का मेल बना जी का जंजाल :** स्थानीय निवासियों के अनुसार, पंचमुखी चौक पर पांचों तरफ से आने वाली सड़कों के कारण अक्सर यहां यातायात अनियंत्रित हो जाता है। बुधवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। वाहनों की बेतरतीब आवाजाही के कारण पूरा चौक वाहनों के जाल में फंस गया। पांचों दिशाओं के रास्तों में छोटे-बड़े सैकड़ों वाहन और मोटरसाइकिलें फंस गईं। अस्पताल व अन्य जरूरी काम के लिए निजी गाड़ियों से निकले लोग भी इस जाम में फंसे रहे। कई वाहन चालक गलियों से निकलने का प्रयास करते दिखे, जिससे अंदरूनी रास्तों पर भी दबाव बढ़ गया।



ढांड। पंचमुखी चौक पर जाम में फंसे वाहन। फोटो: हरिभूमि

### पुलिस की तत्परता से मिली राहत

सूचना मिलते ही ढांड पुलिस हरकत में आई। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद बंद पड़े पांचों रास्तों को धीरे-धीरे खाली कराया। करीब डेढ़ घंटे बाद जब जाम खुला, तब जाकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। कस्बे के लोगों का कहना है कि इस पंचराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, इसलिए प्रशासन को यहाँ स्थायी बैरिकेडिंग या ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था करनी चाहिए।



पूंडरी। पौधरोपण करते पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच के सदस्य व अन्य।

### आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बचाना जरूरी

**पूंडरी।** पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच की ओर से एचएसवीपी कालोनी में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण शुद्ध बनाओ नस्ल बचाओ अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान को आर्य समाज के प्रधान जयपाल सैनी व सरोज सैनी की वैवाहिक वर्षगांठ, अश्विनी गिरधर के जन्मदिवस, सुनील वालिया, विजय लक्ष्मी, अशोक टाया व सुमन टाया के यहां आयोजित कार्यक्रमों से जोड़ा गया। मंच के प्रधान अनिल आर्य ने बताया कि उनका प्रयास है कि कालोनीवासियों के घर जितने भी खुशी के अवसर आते है, उन सभी की शुरूआत पौधारोपण करके की जाती है। मंच के सचिव रोशनलाल ने कहा कि यदि हम पर्यावरण को बचा पाए तभी हमारी नस्लें सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि वे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझे और पौधारोपण अभियान को जन अभियान बनाने में सहयोग करें। उन्होंने अपील की कि वे पौधरोपण से जुड़कर पौधे लगाए, पौधे और अन्य सामग्री मंच उन्हें उपलब्ध करवाएगा। इस मौके पर धनपत आर्य, सरदार वीरेंद्र सिंह, कमल चौधरी, सेवा सिंह, पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी, जय भगवान सैनी, सरदार कमलदीप सिंह, रघुबीर, राजेंद्र खुराना, मास्टर शीशपाल व अमित सहित कई कालोनीवासी मौजूद रहे।

### हथियार सप्लाई करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**कैथल।** अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 मई को एसडीयू की टीम ने प्योदा-तितरम मोड़ बिजली घर के पास खुफिया सूचना के आधार पर राहड़ा निवासी रणदीप उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो पिस्टल (32 बोर), एक देसी कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। इस संबंध में तितरम थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। रणदीप उर्फ टिंकू से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि बरामद हथियार उसे राहड़ा निवासी दीपक उर्फ दीपू और रामपाल उर्फ मोनू ने उपलब्ध करवाए थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## प्री मानसून की दस्तक से मौसम बदला, 10-12 दिन बनी रहेगी बादलों की आवाजाही

# तापमान में गिरावट, उमस भरी गर्मी लोगों को कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- दिन और रात दोनों का मौसम अपेक्षाकृत आरामदायक रहेगा

प्री मानसून की दस्तक से मौसम का मिजाज बदल गया और लोगों को भीषण गर्मी से कुछ निजात मिली है। हालांकि मौसम में बनी उमस लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार जून के अंत तक मौसम अपेक्षाकृत खुशनुमा बना रहेगा। अगले 10-12 दिन तक जिले में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और हवाएं चलने से तापमान नियंत्रित रहेगा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री से ज्यादा होने की संभावना कम है, वहीं न्यूनतम भी 27.28 डिग्री तक ही बना रहेगा।

पिछले कुछ दिनों से जिले में बदलते मौसम का असर साफ दिखाई दे रहा है। कहीं बारिश तो कहीं बादल छाने से लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली है। इस बार मानसून पूर्व गतिविधियां लगातार सक्रिय बनी हुई हैं, जिसके कारण वातावरण में नमी बढ़ी है और तेज धूप का प्रभाव कम हुआ है।

पूर्वी और दक्षिणी दिशा से चलने वाली हवाएं भी मौसम को संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस पर जिले में प्री मानसून की बारिश हो रही है। अगले दिनों में सुबह और शाम के समय बादल छाए रहने की संभावना बनी रहेगी। कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। हालांकि लगातार बारिश की संभावना कम है लेकिन बादलों की मौजूदगी और हवाओं के कारण गर्मी का असर ज्यादा महसूस नहीं होगा।

लू चलने की आशंका भी फिलहाल नहीं जताई गई है। ऐसे में दिन और रात दोनों समय मौसम अपेक्षाकृत आरामदायक रहेगा। कृषि विशेषज्ञों ने भी किसानों को मौसम की इस स्थिति का लाभ उठाने की सलाह दी है। खेतों में खड़ी फसलों और पशुओं की देखभाल के लिए यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। हालांकि किसानों को मौसम विभाग की ताजा अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।

### बारिश के बाद धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार, किसानों में उत्साह

**सीवन।** भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए धान की रोपाई पर 15 जून तक रोक लगाई गई थी। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद किसानों ने धान की रोपाई का कार्य बड़े स्तर पर शुरू कर दिया। वहीं 15 जून की देर रात हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया, जिससे किसानों को धान की रोपाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां मिल गईं। क्षेत्र के गांवों में मंगलवार सुबह से ही किसान अपने खेतों में पहुंच गए और धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई तथा खेतों में पर्याप्त नमी बनने से किसानों को राहत मिली। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी और उमस के कारण खेतों में काम करना कठिन हो रहा था, लेकिन बारिश के बाद मौसम बेहतर होने से रोपाई कार्य में तेजी आई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार निर्धारित समय पर धान की रोपाई करने से फसल का विकास बेहतर होता है तथा भूजल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। सरकार द्वारा हर वर्ष धान की रोपाई की तिथि निर्धारित की जाती है ताकि भूजल दोहन को नियंत्रित किया जा सके और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित किया जा सके। मंगलवार को क्षेत्र में ट्रैक्टर और मजदूरों की सहायता से धान की रोपाई का कार्य जोर-शोर से चलता दिखाई दिया। खेतों में किसानों की व्यस्तता बढ़ गई है और आगामी दिनों में रोपाई का कार्य और अधिक गति पकड़ने की संभावना है। किसानों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बना रहा और समय-समय पर वर्षा होती रही तो धान की फसल के लिए यह सीजन लाभदायक साबित होगा।

